आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 26.09.2025 समय : 02.10pm

**प्रधानमंत्री-बिहार योजना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं को केंद्र में रखकर कई योजनाएँ और कार्यक्रम शुरू किए हैं जिनसे समाज के हर वर्ग को लाभ हुआ है। बिहार के लिए मुख्यमंत्री महिला रोज़गार योजना के शुभारंभ के अवसर पर नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा, ड्रोन दीदी, बीमा सखी और बैंक सखी जैसी योजनाएँ रोज़गार और स्वरोज़गार के अवसरों का विस्तार कर रही हैं। जन धन योजना के तहत, 30 करोड़ महिलाओं के बैंक खाते खोले गए हैं, जिन्हें आधार और मोबाइल नंबरों से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुँच रहा है।

जीएसटी

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। माल और वस्तुओं की व्यापक रेंज पर कर की दर घटने से नागरिकों को अत्यधिक राहत मिली है।

**राष्ट्रपति भूविज्ञान पुरस्कार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 प्रदान किए। राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार भूविज्ञान के क्षेत्र में देश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक हैं। पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ये पुरस्कार भूविज्ञान के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता, नवाचार और उत्कृष्टता को सम्मानित करने के लिए दिए जाते हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि खनिजों ने मानव सभ्यता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उद्योगों की आधारशिला रखी है।

मौसम

प्रदेश में मानसून धीरे-धीरे विदाई ले रहा है, लेकिन इससे पहले एक अंतिम दौर की बारिश राज्य के कई हिस्सों को भिगोने वाली है। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों के लिए इंदौर, नर्मदापुरम, जबलपुर और उज्जैन संभागों में हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस बीच कल मंडला-रीवा में पौने 2 इंच पानी गिरा। वहीं, उज्जैन, जबलपुर, सतना, सिवनी, सीधी, उमरिया और बालाघाट में हल्की बारिश दर्ज की गई। प्रदेश में अब तक औसत 44.1 इंच बारिश हो चुकी है।

**समाचार संक्षेप**

- शारदीय नवरात्रि का आज पांचवां दिन श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। उज्जैन, मैहर, सलनपुर शक्तिपीठों में रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।
- कटनी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर की अध्यक्षता में कल राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान की गई।
- पन्ना जिले मे नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फॉर्मिंग योजनांतर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विकासखंडवार 27 बॉयो इनपुट यूनिट की स्थापना की जाएगी।
- शिवपुरी जिले में डाक विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर अपने विभाग में ही आधार कार्ड नामांकर व सुधार के लिए एक केंद्र खोला गया है।

...............................